**आकाशवाणी शिमला**
**16.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे**

**भाजपा सदस्यता अभियान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता के रूप में, उन्हें पहला सक्रिय सदस्य बनने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह एक आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर भाजपा को और मजबूत करेगा व राष्ट्रीय प्रगति के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सक्रिय सदस्य बनने के लिए कार्यकर्ता को एक बूथ या एक विधानसभा सीट पर 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के स्तर के लिए चुनाव लड़ सकेंगे। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि साथ ही आने वाले समय में उन्हें पार्टी के लिए काम करने के कई अवसर मिलेंगे।

**फ्लाईंग फेस्टिवल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला के निकट जुन्गा में चार दिवसीय शिमला फ्लाईंग फेस्टिवल का शुभारंभ किया। इस फ्लाईंग फेस्टिवल में भारत के अलावा विभिन्न देशों के 50 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें पश्चिम बंगाल की एक महिला पैराग्लाईडर भी शामिल है। पैराग्लाईडर सोलो और टीम प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं। शिमला फ्लाईंग फेस्टिवल का दूसरी बार आयोजन हो रहा है। फ्लाईंग फेस्टिवल आयोजक अरूण रावत ने कहा कि आयोजन को लेकर प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह है।

**तरलोक चौहान**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान प्रदेश हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश होंगे। प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव शकधर 18 अक्तूबर को सेवा निवृत्त हो रहे हैं। राष्ट्रपति की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान 19 अक्तूबर को प्रदेश हाईकोट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का पद संभालेंगे। न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान को दूसरी बार कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का जिम्मा सौंपा गया है।

**आदेश**

प्रदेश सरकार ने राज्य के कर्मचारियों और पैंशनरों को चार प्रतिशत डीए देने के आदेश जारी कर दिए हैं। प्रदेश सरकार के प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार कर्मचारियों और पैंशनरों को बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अक्तूबर महीने के वेतन और पैंशन के साथ 28 अक्तूबर को नकद मिलेगा। आदेशों में कहा गया है कि महंगाई भत्ते की बकाया राशि के भुगतान के लिए अलग से आदेश जारी किए जाएंगे। महंगाई भत्ते की बकाया राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खातों में जमा होगी। प्रधान सचिव वित्त ने कर्मचारियों और पैंशनरों को 28 अक्तूबर को वेतन व पैंशन जारी करने के आदेश भी आज जारी कर दिए हैं।

**मस्जिद विवाद**

संजौली मस्जिद तोड़ने के मामले में नया मोड़ आ गया है। शिमला नगर निगम कोर्ट के आदेशों के बावजूद अब मस्ज़िद तोड़ने के लिए संजौली मस्जिद कमेटी ने वक्फ बोर्ड को पत्र लिखकर अनुमति मांगी है। संजौली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद लतीफ ने कहा कि मस्ज़िद की जमीन का मालिक वक्फ बोर्ड है, इसलिए बोर्ड से अनुमति मांगना जरूरी है और वक्फ बोर्ड भी इसमें पार्टी है। उन्होंने कहा कि बोर्ड जब भी अनुमति देगा लोगों से पैसे एकत्रित कर मस्ज़िद को तोड़ने का कार्य शुरु किया जायेगा। मस्जिद कमेटी की मांग पर ही बीते पांच अक्तूबर को नगर निगम कोर्ट ने दो माह के भीतर मस्जिद की ऊपरी अवैध तीन मंजिलें गिराने के आदेश जारी किए थे। अवैध मंजिले गिराने का खर्च भी मस्जिद कमेटी को करना है।

**दुर्घटना**

शिमला ज़िला के चौपाल क्षेत्र के शैली ढांक के पास बीती रात एक कार के गहरी खाई में गिरने से तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये तीनों सराहां से पुलबाहल की ओर जा रहे थे। मृतकों की पहचान परिक्षित भारती, विनोद कुमार और मुकेश के रूप में हुई है। ये तीनों जुब्बल तहसील के रहने वाले थे।

**अधिसूचना**

प्रदेश सरकार ने स्टेट एलाइड एंड हैल्थ केयर कांउसिल के गठन की आज अधिसूचना जारी कर दी है। आईजीएमसी शिमला में रेडिएशन सेफ्टी के साहयक निदेशक विनोद चौहान कांउसिल के चैयरपर्सन नियुक्त किए गए हैं। चिकित्सा शिक्षा के संयुक्त को कांउसिल का एक्स ऑफिसिओ मेम्बर बनाया गया है। इसके अलावा मॉइक्रोबायलॉजी और रेडियोलॉजी के विभाग अध्यक्ष इसके सदस्य होंगे। रेडियोलॉजिकल सेफ्टी ऑफिसर राजेश कौशिक को कांउसिल का सचिव नियुक्त किया गया है।

**डेंगू मामले**

सोलन ज़िले के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी–बरोटीवाला–नालागढ़ और परवाणू में लगातार डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमित रंजन ने बताया कि ज़िले में अब तक करीब डेंगू के सौ मामले सामने आ चुके हैं, जिसे देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में फॉगिंग करवाई जा रही है। उन्होंने लोगों से एहतियात बरतने और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया है।